QUICK NEWS

कल्याण जेल के 30 कैदी संक्रमित



ठाणे, सं. ठाणे जिले में कल्याण शहर के आधारवाड़ी जेल के कम से कम 30 कैदियों को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया. स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. ठाणे सिविल अस्पताल के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 1,800 से अधिक कैदी जेल में बंद हैं. उन्होंने बताया कि जेल के सभी कैदियों की हाल ही में जांच की गई थी और उनमें से 30 को संक्रमित पाया गया. उन्होंने बताया कि उन्हें सोमवार को ठाणे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में सोमवार को कोरोना वायरस के 1,551 नए मामले आए, जिससे क्षेत्र में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 1,07,584 हो गए, जबकि संक्रमण से सात और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 1,329 हो गई.

नवी मुंबई में बढ़ा संक्रमण

काम नहीं करने वाले अधिकारियों को भेजो घर : विधायक

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई. कोरोना की रोकथाम करने के लिए मनपा की ओर से जो भी निर्णय लिए गए हैं उस पर गंभीरता से अमल नहीं किया जा रहा है. इस वजह से नवी मुंबई में कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है. जो अधिकारी व कर्मचारी कोरोना की रोकथाम करने में सक्षम नहीं हैं व जो जानबूझ कर काम नहीं कर रहे हैं ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके घर में बैठा देना चाहिए. यह बात ऐरोली के विधायक गणेश नाईक ने मनपा आयुक्त से भेंट करने के दौरान कहीं. नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण के बढ़ते मामलों की रोकथाम करने का सुझाव देने के लिए ऐरोली के विधायक नाईक ने मंगलवार को मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर से मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान नाईक ने कोरोना की रोकथाम व इससे संक्रमित मरीजों के उपचार के बारे में मनपा की ओर से बरती जा रही कोताही के प्रति मनपा आयुक्त के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की.

कुछ लोग जबरन ले जा रहे ऑक्सीजन

इस बैठक में भाजपा के युवा नेता संदीप नाईक, जयवंत सुतार, सुधाकर सोनावणे, सागर नाईक के साथ भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. विधायक नाईक ने मनपा आयुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि नवी मुंबई में कुछ बाहरी लोग आकर ऑक्सीजन की आपूर्ति करने वालों को डरा-धमकाकर ऑक्सीजन ले जाने का काम कर रहे हैं. जो नवी मुंबई की जनता के हित में नहीं है. यह मामला काफी गंभीर है. इस तरह की दादागिरी रोकने के लिए मनपा के अधिकारियों को सख्त कदम उठाना चाहिए. यहां पर तैयार होने वाला ऑक्सीजन ज्यादा से ज्यादा नवी मुंबई के नागरिकों को मिले इस बारे में ठोस कदम उठाने की जरूरत है.



एसीबी के हत्थे चढ़ा रिश्वतखोर कर्मचारी

ठाणे, सं. तीन वर्ष का टैक्स कम करने के एवज में 50 हजार के रिश्वत की मांग करने वाले मनपा कर्मचारी शरद उघाड़े (55) को एसीबी ने 45 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. इस मामले में उघाड़े के खिलाफ वर्तक नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनरी का व्यवसाय करने वाले एक व्यवसायी का 2013 से 2016 तक का लोकल बाडी टैक्स बाकी है. टैक्स कम करने के लिए मनपा के एलबीटी कार्यालय में बतौर लिपिक कार्यरत शरद उघाड़े से उसने संपर्क किया. टैक्स कम करने के लिए उघाड़े ने व्यापारी से 50 हजार की मांग की थी पर यह लेन-देन का मामला 45 हजार में तय हो गया. व्यापारी ने इसकी शिकायत ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कर दी. इस शिकायत के आधार पर ब्यूरो के अधिकारियों ने माजीवाड़ा स्थित मनपा एलबीटी कार्यालय में जाल बिछाया और उघाड़े को 45 हजार रुपया लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया.



वालधुनी को प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना

पाइपलाइन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर आपत्ति

नवभारत न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. अंबरनाथ तथा बदलापुर एमआईडीसी की केमिकल कंपनियों से भारी मात्रा में बिना ट्रिटमेंट किया केमिकल युक्त दूषित पानी वालधुनी नदी में छोड़ा जाना गंभीर समस्या बन गई थी. 4 वर्ष पहले से ही महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से एमआईडीसी को इसकी व्यवस्था करने के लिए सूचनाएं दी गयी थीं. यह कार्य तेज गति से चल रहा है. लेकिन इस निर्माण की गुणवत्ता पर उल्हासनगर मनपा की नगरसेविका सविता रगडे ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए संबंधित महकमे को पत्र लिखा है. जून 2018 में एमआईडीसी ने टेंडर निकाला जिसमें अंबरनाथ के फॉरेस्ट नाका से लेकर कल्याण-वसई की खाड़ी तक तकरीबन 17.5 किलोमीटर की पाइपलाइन द्वारा केमिकल युक्त पानी अंबरनाथ एमआईडीसी के एफ्लुएंट प्लांट द्वारा ट्रीटमेंट कर सीधे खाड़ी में छोड़ा जाएगा. जिससे वालधुनी नदी में सीधे केमिकल छोड़ने से जो समस्या उत्पन्न होती थी वो समाप्त हो जाएगी. एमआईडीसी द्वारा किए इस प्रयास की सराहना की जा रही है.

अंबरनाथ के फॉरेस्ट नाका से कल्याण के बीच निर्माण

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) के क्षेत्रीय कार्यकारी अभियंता को दिए एक निवेदन पत्र में उल्हासनगर मनपा की नगरसेविका सविता तोरणे ने उल्हासनगर क्षेत्र में चल रहे उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है व पत्र में लिखा है कि 17 .5 किलोमीटर पाइपलाइन की इस परियोजना को पूरा करने के लिए अंबरनाथ के फॉरेस्ट नाका के पास से अंबरनाथ-उल्हासनगर कैम्प नंबर 3 के पास से गुजरने वाली वालधुनी नदी के पात्र में पाइप्स उतारे गए हैं. वहां खुदाई का भी काम शुरू हो चुका है.

फारेस्ट नाका से वडोलगांव पुल उल्हासनगर कैम्प 3 तक नाला है. वहां तक यह कार्य अंबरनाथ के क्षेत्र में आता है. लेकिन उल्हासनगर में वडोलगांव क्षेत्र से वालधुनी नदी की शुरुआत होती है. नदी पात्र में जगह-जगह पाइप उतारे गए हैं. स्टील ग्रिपिंग और सीमेंट कंक्रीट करने का कार्य भी चल रहा है. जो जानकारी के अनुसार अत्यंत कमजोर सामग्री इस्तेमाल करते हुए कार्य चल रहा है.

बरसात में यदि यह नाला भर जाता है तो बाढ़ में यह पाइपलाइन टिकेगी नहीं ऐसा दावा किया है. पिछले 3 साल से वडोलगांव में नदी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. हजारों डंपर मिट्टी निकाली है. 3 सालों से वडोलगांव में बाढ़ की स्थिति नहीं है. परंतु उक्त पाइपलाइन से पूरे नदी पात्र में रोड बनाए गए हैं और मिट्टी वैसे ही छोड़ी जा रही है. बरसात में बाढ़ का पानी वडोलगांव ग्रामस्थों के घरों में आएगा उसका जिम्मेदार कौन होगा. उक्त पाइपलाइन के कार्य में कमजोर मटेरियल इस्तेमाल किया जा रहा है, जो बाढ़ के पानी में टिकेगा नहीं उसकी जांच की जाए.

कोरोना रोकने में उद्योगपति करेंगे मदद

नवभारत न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ शहर में कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले साल की तरह अब कोरोना की दूसरी लहर में भी मदद के लिए व्यापारी व उद्योगपति आगे आने लगे हैं. अंबरनाथ के उद्योगपति वेंटिलेटर, बायपंप, आईसीयू बेड व अन्य स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने लगे हैं. कोरोना की पार्श्वभूमि पर अंबरनाथ औद्योगिक क्षेत्र स्थित विविध कंपनी मालिकों के साथ अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया था.

आमा 15 वेंटिलेटर देगा

इस दौरान विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने वैश्विक महामारी के मौके पर शहर के मरीजों के लिए अपने-अपने स्तर पर नपा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की थी. एडिशनल अंबरनाथ मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आमा) के अध्यक्ष उमेश तायडे ने इस बैठक में घोषणा की कि आमा अपने माध्यम अर्थात अपने कंपनी के सीएसआर फंड से 15 वेंटिलेटर व 100 बायपंप मशीन उपलब्ध करवाएगी. इसी तरह 100 आईसीयू बेड में लगने वाले विविध सामान भी मुहैया करवाएगी.

कामगारों के लिए टीकाकरण केंद्र शुरू कराएं

आमा के अध्यक्ष उमेश तायडे ने विधायक से मांग की वह अपने स्तर पर कोशिश कर औद्योगिक क्षेत्र में कामगारों के लिए टीकाकरण केंद्र शुरू करवाएं. वहीं तायडे ने कहा कि 10 रुपए में शिवभोजन थाली भी कामगारों की सुविधा के आनंदनगर औद्योगिक क्षेत्र में शुरू की जा रही है. बैठक में शिवसेना के उपशहरप्रमुख गणेश कोतेकर, एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश तायडे, पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके, विभाग प्रमुख सचिन गुडेकर, शाखा प्रमुख सुरेश कदम, मुख्याधिकारी डॉ. प्रशांत रसाल, अतिरिक्त मुख्याधिकारी धीरज चव्हाण, नोडल अधिकारी डॉ. नितिन राठोड, एमआईडीसी के उप-अभियंता पवार, एसोसिएशन के सेक्रेटरी परेश शाह, उप-सचिव संदीप तोंडापूरकर, मोदी पंप के सुमित मोदी तथा संबंधित कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे.

कोरोना अस्पताल में बच्चे का जन्म

संवाददाता@नवभारत

कल्याण. एक ओर जहां हर तरफ से कोरोना प्रसार और कोरोना मरीजों की मौतों की खबरें आ रही हैं वहीं सोमवार को केडीएमसी के आर्ट गैलरी, स्थित कोरोना सेंटर अस्पताल में भर्ती एक 37 वर्षीय 7 महीने की गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया है. डॉक्टरों के अनुसार जच्चा-बच्चा दोनों सही सलामत हैं. इस बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला को कल्याण पश्चिम के आर्ट गैलरी लाल चौकी स्थित कोरोना अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

गंभीर हालत के कारण महिला को आईसीयू में भर्ती कराया गया था. सुखद घटना यह रही कि सोमवार को महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया. महिला की स्त्री रोग विशेषज्ञ ने जांच की थी. डॉक्टर ने बताया कि महानगरपालिका क्षेत्र के कोरोना अस्पताल में सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म देने वाली यह पहली महिला है. कम वजन होने के कारण नवजात बच्चे को बच्चों के अस्पताल (एनआईसीयू) में भर्ती कराया गया है. गंभीर रूप से बीमार महिला मरीज का सुरक्षित प्रसव लाल चौकी स्थित आर्ट गैलरी के कोरोना अस्पताल में किया गया. डॉ. अमित गर्ग, डॉ. मुशीर, डॉ. संदीप इंगले आदि की देखरेख में महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया.

नियमों का उल्लंघन करने का मामला

973 वाहन किया जब्त

संवाददाता@नवभारत

ठाणे. कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप पर नियंत्रण पाने के लिए राज्य सरकार की ओर से पाबंदी लगाने के बावजूद लोग सड़कों पर घूमने-फिरने से बाज नहीं आ रहे हैं. जिनके खिलाफ ठाणे के पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर द्वारा दिये गए आदेशानुसार ठाणे ट्रैफिक विभाग की तरफ से कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत 973 वाहनों को जब्त किया गया है. इसके साथ ही मोटर वाहन कायदा 179 के अंतर्गत 3918 वाहनों पर कार्रवाई की गई है. पुलिस आयुक्त फणसलकर के आदेश के तहत ठाणे ट्रैफिक विभाग के उपायुक्त बालासाहेब पाटील ने मनमाने तरीके से घूमने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने का आदेश ट्रैफिक पुलिस के सभी विभागों को दिया है.

ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई

ठाणे ट्रैफिक विभाग के 18 उपविभाग के मार्फत विविध ठिकानों पर नाकाबंदी मुहिम जोरदार तरीके से चलाई गई. इस दौरान एक सप्ताह की अवधि में 460 दोपहिया वाहन, 396 तिपहिया और 97 चार पहिया वाहन समेत कुल 977 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई. इसके अलावा संचार बंदी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 3919 वाहनों पर कार्रवाई की गई है.

मादक पदार्थ जब्त

नवी मुंबई, सं. वाशी स्थित जुहूगांव में मादक पदार्थ युक्त कोडेन फॉस्फेट नामक सिरप बेचने के इरादे से एक युवक आया था. जिसे नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक विभाग ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इस युवक के पास से 95 शीशी कोडेन फॉस्फेट नामक मादक युक्त सिरप बरामद किया है. जिसकी कीमत 12 हजार रुपए बताई गई है. कोर्ट के आदेश पर इस युवक को पुलिस की हिरासत में रखा गया है. वाशी पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामले में सनाउल्ला हबीबउल्ला खान (39) को गिरफ्तार किया गया है. खान जुहूगांव में आनेवाला है इसके बारे में गुप्त जानकारी मिली थी. जिसके आधार पर पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक दस्ते के पुलिस वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जयराज छाप्रिया ने अपने दस्ते के साथ जाल बिछाकर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है.

रोगियों को समुपदेशन की सुविधा

मनपा का मानसिक आधार देने का उपक्रम

संवाददाता@नवभारत

ठाणे. कोरोना के चलते रोगियों का मार्गदर्शन करने के लिए ठाणे मनपा की तरफ से समुपदेशन का नया उपक्रम शुरू किया जा रहा है. जिसके माध्यम से मनपा के बालकुम स्थित कोविड सेंटर में समुपदेशन के माध्यम से रोगियों को मानसिक आधार देने का कार्य किया जाएगा. जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे ने कोविड रोगियों का मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष उपक्रम शुरू करने का निर्देश दिया है. इसके तहत यह आयोजन महापौर नरेश म्हस्के और मनपा आयुक्त डॉ. विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू किया जा रहा है. कोरोना पीड़ित हो जाने पर नागरिकों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है.

ऐसे समय में उनको योग्य समुपदेशन, मार्गदर्शन और संवाद साधने की जरूरत होती है. इसके मद्देनजर मनपा की ओर से डॉ. रवीश दोबानी की सहायता से रोगियों का समुपदेशन करने का नया उपक्रम शुरू करने की योजना बनाई गई है. इसमें मरीजों को उचित मार्गदर्शन किया जाएगा. रोगियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए समुपदेशन की जरूरत होती है. वार्ड में पीड़ित सभी रोगियों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मानसिक आधार दिया जायेगा. उल्लेखनीय है कि दोबानी पिछले 30 वर्षों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में समुपदेशन का काम कर रहे हैं. नागरिकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखने को लेकर मार्गदर्शन का कार्य कर रहे हैं. मार्गदर्शन के माध्यम से वे रोगियों को मानसिक आधार देने का काम कई वर्षों से कर रहे हैं.

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी अरेस्ट

नवी मुंबई, सं. वाशी गांव में रहने वाली एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके प्रेमी ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाया. जिसकी शिकायत पीड़िता के परिजनों ने वाशी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई. जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है. जिसे कोर्ट ने 23 अप्रैल तक पुलिस की हिरासत में रखने का आदेश दिया है. वाशी पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामले में डोंबिवली के रहने वाले अमित मेढे (26) को गिरफ्तार किया गया है. अमित की वाशी गांव में रहने वाली एक 17 साल की लड़की के साथ मोबाइल की दुकान में जान पहचान हुई थी. जिसके बाद दोनों में प्रेम संबंध बन गया था.

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021.
सूचना

भारतीय स्टेट बैंक

अ.क्र.	आइटम का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
289	बीओएक्सएन वैगन हेतु कपलर रॉड	240 नग	26/04/2021
290	ब्रैकेट्स का सेट	100 सेट	27/04/2021
291	फीड पाइप हेतु एयर ब्रेक होज कपलिंग	2500 नग	30/04/2021
292	एयर ब्रेक पाइप्स का सेट (बीवीजेडसी वैगन)	100 सेट	30/04/2021
293	एयर ब्रेक पाइप्स कम्प. का सेट (बीओएक्सएन वैगन)	200 सेट	30/04/2021
294	एयर ब्रेक पाइप्स का सेट (बीओएसटी वैगन)	200 सेट	30/04/2021
295	सीटीआरबी हेतु नैरो जॉ एडॉप्टर	1950 नग	30/04/2021
296	के टाइप नॉन एस्बेस्टॉस कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक	140472 नग	07/05/2021
297	सीटीआरबी हेतु नैरो जॉ एडॉप्टर	33004 नग	07/05/2021
298	सिलिंड्रीकल रोलर बेयरिंग	84 नग	10/05/2021
299	प्राइमरी सस्पें. हेतु रबर पैड	1649 नग	10/05/2021
300	गैस कार्बन डायआक्साइड	37238 किग्रा.	12/05/2021
301	नोज क्लिप के साथ इंडस्ट्रीयल फेस मास्क	37272 मग	14/05/2021
302	कपलिंग सॉकेट	80 नग	15/05/2021

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीदी प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों की जानकारी के लिये कृपया www.ireps.gov.in तथा www.wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें.
0037 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/15/2021 दिनांक 16.04.2021

व्यवस्था | नवी मुंबई महानगरपालिका ने की पहल

कोविड बिल शिकायत निवारण केंद्र शुरू

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई. कोरोना के मरीजों का उपचार करने वाली निजी अस्पतालों की ओर से मनमाने बिल वसूलने पर अंकुश लगाने के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका की ओर से विगत वर्ष कोविड उपचार बिल शिकायत केंद्र शुरू किया गया था. जिसे कोरोना मरीजों की संख्या घटने के बाद बंद कर दिया गया था. अब मनपा ने कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उक्त केंद्र को फिर शुरू किया है. साथ ही मनपा ने इसके लिए हेल्पलाइन व वॉट्सएप नंबर भी जारी किया है.

हेल्पलाइन व वॉट्सएप नंबर जारी



गौरतलब है कि मनपा के क्षेत्र में कोरोना मरीजों का उपचार करने वाले अस्पतालों के लिए राज्य सरकार की ओर से उपचार शुल्क की दर तय की गई है. इस बारे में मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने कोविड मरीजों का उपचार करने वाले निजी अस्पतालों को अवगत कराया था.

शिकायतकर्ता के बिल का होगा लेखा परीक्षण

कोविड उपचार बिल शिकायत केंद्र में निजी अस्पतालों के द्वारा वसूले गए बिल के संबंध में मरीज के परिजन मनपा के कोविड उपचार बिल शिकायत केंद्र के हेल्पलाइन (क्रमांक 022-27567389 व वॉट्सएप नंबर 7208490010) पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. इसके साथ ही मनपा की ओर से कोरोना मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध साधारण, आईसीयू बेड व वेंटिलेटर्स के बारे में आसानी से जानकारी देने लिए भी मनपा ने (क्रमांक 022-27567460) का हेल्पलाइन भी उपलब्ध कराया है.

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान इससे संक्रमित मरीजों का सरकारी दर पर उपचार नहीं करने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ मनपा आयुक्त के द्वारा कार्रवाई भी की गई थी. जिसके चलते बहुत से मरीजों को अस्पतालों के द्वारा वसूली गई अतिरिक्त राशि लौटानी पड़ी थी. निजी अस्पतालों के उपचार बिल पर पैनी नजर रखने के लिए मनपा आयुक्त बांगर ने कोविड उपचार बिल शिकायत निवारण केंद्र फिर से शुरू कराया है.

शिकायत केंद्र में देनी होगी मरीज के ब्यौरे की पूरी जानकारी

मनपा की ओर से शुरू किए गए कोविड उपचार बिल शिकायत निवारण केंद्र में शिकायत करने वाले को उक्त केंद्र के कर्मचारियों के पास मरीज का नाम, अपना नाम, मोबाइल अथवा संपर्क नंबर, पता, अस्पताल का नाम व पता, अस्पताल में भर्ती करने की तारीख, मरीज के डिस्चार्ज होने की तारीख, अस्पताल के द्वारा दिए गए उपचार बिल की राशि की जानकारी देनी होगी. इसके बाद शिकायतकर्ता को cbcc@nmmcon-line.com ई- मेल आईडी अथवा वॉट्सएप नंबर 7208490010 पर बिल की प्रति भेजने के बारे में शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा. बिल की प्राप्ति मिलने के बाद उक्त केंद्र की ओर से शिकायतकर्ता को विशेष टोकन नंबर दिया जाएगा.